# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-7

### पाठ्यक्रम

वर्ण-स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यंजन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन), वर्ण-विच्छेद, वर्ण संयोजन, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, लिंग एवं वचन का ज्ञान, शुद्ध शब्द, संधि, शब्द के भेद, संज्ञा सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, उपसर्ग-प्रत्यय, काल कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, समास, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द लड़ी में उचित शब्द, हिंदी में गिनती का सही क्रम, (एक से सौ तक), हिंदी महीनों के नाम एवं सही क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु ( ँ), वाक्य के प्रकार, वाक्य बनाना, वाक्य संबंधी अशुद्धियाँ, अपठित गद्यांश एवं काव्यांश

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1–भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. हिंदी का विश्व में स्थान है –
   (क) तीसरा
   (ख) दूसरा
   (ग) चौथा

2. साहित्य के रूप हैं –
   (क) गद्य
   (ख) पद्य
   (ग) दोनों

3. व्याकरण के भेद होते हैं –
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

4. व्याकरण वर्ण, शब्द एवं वाक्य की रचना को करता है –
   (क) अव्यवस्थित
   (ख) व्यवस्थित
   (ग) कोई नहीं

5. हम अपने मन की बात को प्रकट कर सकते हैं –
   (क) बोलकर
   (ख) लिखकर
   (ग) बोलकर व लिखकर

6. ध्वनि को लिखने हेतु निश्चित किए गए संकेत चिह्न कहलाते हैं –
   (क) व्याकरण
   (ख) लिपि
   (ग) अक्षर

7. इनमें से कौन-सी भाषा नहीं मानी जाती है ?
   (क) बोलना
   (ख) पढ़ना
   (ग) संकेत करना

8. भाषा के कितने रूप होते हैं ?
   (क) एक
   (ख) दो
   (ग) तीन

9. इनमें से कौन-सी मौखिक भाषा नहीं है –
   (क) कहानी कहना
   (ख) अखबार पढ़ना
   (ग) टेलीफोन पर बात करना

10. भाषा का मूल रूप है –
   (क) मौखिक
   (ख) लिखित
   (ग) सांकेतिक

11. बच्चा अपने परिवार से जिस भाषा को सीखता है, वह कहलाती है –
   (क) राजभाषा
   (ख) मानक भाषा
   (ग) मातृभाषा

12. क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा कहलाती है –
   (क) राज भाषा
   (ख) बोली
   (ग) मातृभाषा


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2-वर्ण विचार

1. **स्पर्श व्यंजन है -**
   (क) ल
   (ख) ष
   (ग) क

2. **ह्रस्व स्वर हैं -**
   (क) चार
   (ख) तीन
   (ग) दो

3. **द्वित्व व्यंजन वाला शब्द है -**
   (क) श्रम
   (ख) छज्जा
   (ग) कोई नहीं

4. **अंतस्थ व्यंजन हैं -**
   (क) य
   (ख) श
   (ग) ख

5. **स्पर्श व्यंजन है -**
   (क) श्र
   (ख) ह
   (ग) प

6. **ऊष्म व्यंजन है -**
   (क) ज्ञ
   (ख) ष
   (ग) च

7. **प्लुत है -**
   (क) स्वर
   (ख) व्यंजन
   (ग) संयुक्त व्यंजन

8. **वर्ण हैं -**
   (क) सबसे छोटा स्वर
   (ख) सबसे छोटी ध्वनि
   (ग) सबसे छोटा शब्द

9. **हिंदी में स्वरों की संख्या है -**
   (क) ग्यारह
   (ख) तैंतीस
   (ग) सात

10. **दीर्घ स्वर संख्या में होते हैं -**
    (क) सात
    (ख) आठ
    (ग) नौ

11. **वर्णों के भेद हैं -**
    (क) तीन
    (ख) दो
    (ग) चार

12. **व्यंजन के भेद हैं -**
    (क) तीन
    (ख) चार
    (ग) पाँच

13. **संयुक्त व्यंजन हैं -**
    (क) तीन
    (ख) चार
    (ग) पाँच

14. **वर्णों की कुल संख्या है -**
    (क) 52
    (ख) 62
    (ग) 55

# 3-शब्द-परिचय

1. आगत शब्द से आशय है -
   (क) बाहरी शब्द
   (ख) आया हुआ शब्द
   (ग) आकर गया हुआ शब्द

2. दशानन शब्द है -
   (क) रूढ़
   (ख) यौगिक
   (ग) योगरूढ़

3. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण इत्यादि आते हैं -
   (क) विकारी शब्द के अंतर्गत
   (ख) अविकारी शब्द के अंतर्गत
   (ग) कोई नहीं

4. सार्थक शब्द के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

5. 'अश्रु' शब्द है -
   (क) तद्‌भव
   (ख) तत्सम
   (ग) देशज

6. 'डिबिया' शब्द है -
   (क) तत्सम
   (ख) तत्भव
   (ग) देशज

7. 'प्रयोगशाला' इनमें से किस प्रकार का शब्द है ?
   (क) यौगिक
   (ख) रूढ़
   (ग) योगरूढ़

8. शब्दों के वर्गीकरण के आधार हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

9. अविकारी शब्द है -
   (क) संज्ञा
   (ख) क्रियाविशेषण
   (ग) क्रिया

10. 'सुख-दुख' किस प्रकार के शब्द हैं ?
    (क) एकार्थी
    (ख) अनेकार्थी
    (ग) विपरीतार्थी

11. लिफ़ाफ़ा शब्द है -
    (क) देशज
    (ख) विदेशज
    (ग) तत्सम

12. प्रयोग के आधार पर शब्द के भेद हैं -
    (क) दो
    (ख) तीन
    (ग) चार

13. फ़ारसी का शब्द नहीं है -
    (क) इरादा
    (ख) बेरहम
    (ग) भक्ति

14. रूढ़, यौगिक शब्द इनमें से किसके भेद हैं ?
    (क) उत्पत्ति
    (ख) अर्थ
    (ग) रचना

# 4-शब्द भेद ( अर्थ के आधार पर )

1. 'श्री' का अर्थ नहीं है -
   (क) लक्ष्मी
   (ख) दुर्गा
   (ग) धन

2. मत का अर्थ है -
   (क) दिन
   (ख) विचार
   (ग) हरि

3. दल का अर्थ नहीं है -
   (क) मनुष्य
   (ख) पत्ता
   (ग) सेना

4. जहाँ कोई नहीं रहता हो -
   (क) निर्जन
   (ख) जंगल
   (ग) शहर

5. क्षणभर में नष्ट होने वाला-
   (क) क्षणिक
   (ख) क्षणभंगुर
   (ग) अल्पकालिक

6. मकान का अर्थ नहीं है -
   (क) भवन
   (ख) भुवन
   (ग) दीवार

7. नियति का अर्थ है -
   (क) भाग्य
   (ख) निश्चित
   (ग) बातचीत

8. 'मनुष्य' का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) मानव
   (ख) नर
   (ग) दनुज

9. 'जल' का पर्यायवाची है -
   (क) अंबु
   (ख) असि
   (ग) शैलजा

10. 'घर' का पर्यायवाची है -
    (क) अरण्य
    (ख) गेह
    (ग) कानन

11. दिन का विलोम है -
    (क) शाम
    (ख) रात
    (ग) रात्रि

12. 'साकार' का विलोम है -
    (क) निराकार
    (ख) आकार
    (ग) विकार

13. 'सुगम' का विलोम है -
    (क) अगम
    (ख) संगम
    (ग) दुर्गम

14. 'मधु' का अर्थ नहीं है -
    (क) वसंत ऋतु
    (ख) तेल
    (ग) शहद

# 5-उपसर्ग

1. 'निर्बल' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) निर्
   (ख) नि
   (ग) निर्ब

2. कुपात्र शब्द में उपसर्ग है -
   (क) कु
   (ख) पा
   (ग) त्र

3. सब-इंस्पेक्टर में उपसर्ग है -
   (क) सब
   (ख) इंस्पेक्टर
   (ग) दोनों

4. 'अधिकार' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) अध्
   (ख) अधि
   (ग) अधी

5. 'खुशहाल' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) खु
   (ख) खुश
   (ग) खु:

6. परिक्रमा शब्द में उपसर्ग है -
   (क) पर
   (ख) परि
   (ग) परी

7. सहपाठी शब्द में उपसर्ग है -
   (क) स:
   (ख) साह
   (ग) सह

8. प्रत्याशा शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -
   (क) प्र
   (ख) प्रति
   (ग) प्रती

9. निर्मल शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -
   (क) निर्
   (ख) नि:
   (ग) निर्म

10. अत्याचार में उपसर्ग है -
   (क) अ
   (ख) अत्या
   (ग) अति

11. प्रहार में उपसर्ग है -
   (क) प्र
   (ख) पर
   (ग) प्र:

12. 'अंतर्राष्ट्रीय' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) अंतर
   (ख) अंत
   (ग) अंतरा

13. 'पुनर्जन्म' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) पुन:
   (ख) पुनर्
   (ग) पुन

14. 'पुरातत्व' शब्द में उपसर्ग है -
   (क) पुरा
   (ख) पुर
   (ग) पूर

# 6-प्रत्यय

1. 'प्रत्यय' के भेद हैं –
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

2. 'भवन' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) न
   (ख) अन
   (ग) वन

3. पालनहार शब्द में प्रत्यय है –
   (क) आर
   (ख) हार
   (ग) पाल

4. 'आनंदित' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) इत
   (ख) इक
   (ग) दोनों

5. 'स्मरणीय' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) नीय
   (ख) स्मर
   (ग) दोनों

6. 'चमकीला' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) ईला
   (ख) ऐला
   (ग) कीला

7. 'शुचिता' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) इता
   (ख) ता
   (ग) कोई नहीं

8. 'अपनापन' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) पन
   (ख) न
   (ग) अन

9. सजावट शब्द में प्रत्यय है –
   (क) आवट
   (ख) वट
   (ग) अवट

10. 'चमकदार' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) आर
   (ख) दार
   (ग) अर

11. 'धार्मिक' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) इक
   (ख) मिक
   (ग) ईक

12. 'बुढ़ापा' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) बूढ़ा
   (ख) आपा
   (ग) पा

13. 'लेखक' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) अक
   (ख) खक
   (ग) आक

14. 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) सिक
   (ख) इक
   (ग) ईक

# 7–संज्ञा

1. **भाववाचक संज्ञा शब्द है –**
   (क) बुढ़ापा
   (ख) ऊँट
   (ग) जयपुर

2. **व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है –**
   (क) लाल किला
   (ख) नदी
   (ग) बुराई

3. **जातिवाचक संज्ञा शब्द नहीं है –**
   (क) पटियाला
   (ख) चिड़िया
   (ग) भालू

4. **'दूध' शब्द है –**
   (क) समूहवाचक संज्ञा
   (ख) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ग) भाववाचक संज्ञा

5. **'अपना' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी –**
   (क) अपनत्व
   (ख) अपने
   (ग) आपनो

6. **प्रसन्नता शब्द है –**
   (क) भाववाचक संज्ञा
   (ख) जातिवाचक संज्ञा
   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा

7. **गुच्छा शब्द है –**
   (क) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ख) समूहवाचक संज्ञा
   (ग) जातिवाचक संज्ञा

8. **संज्ञा कहते हैं –**
   (क) व्यक्तियों के नाम को
   (ख) वस्तुओं, स्थानों के नाम को
   (ग) उपर्युक्त सभी

9. **संज्ञा के भेद होते हैं –**
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

10. **'लखनऊ' है –**
    (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    (ख) जातिवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

11. **'पशु' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी –**
    (क) पशुपन
    (ख) पाशता
    (ग) पशुत्व

12. **इनमें जातिवाचक संज्ञा नहीं है –**
    (क) गंगा
    (ख) अध्यापक
    (ग) डाकिया

13. **भाववाचक संज्ञा है –**
    (क) बच्चा
    (ख) सागर
    (ग) सुंदरता

14. **जातिवाचक संज्ञा शब्द है –**
    (क) हिंसा
    (ख) शिक्षक
    (ग) प्यार


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 8-लिंग

1. शिक्षक का स्त्रीलिंग है -
   (क) शिक्षिका
   (ख) शिक्षकों
   (ग) गुरु

2. बैल का स्त्रीलिंग है -
   (क) बैलों
   (ख) भैंस
   (ग) गाय

3. 'हथेली' है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) कोई नहीं

4. 'मगरमच्छ' है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) दोनों

5. 'भाषा' है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) दोनों

6. 'पर्वत' है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) कोई नहीं

7. 'देवत्व' शब्द है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) दोनों

8. लिंग के भेद होते हैं -
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

9. 'आचार्य' का स्त्रीलिंग शब्द है -
   (क) शिष्या
   (ख) आचार्या
   (ग) प्राचार्या

10. स्त्री का पुल्लिंग शब्द है -
    (क) आदमी
    (ख) पुरुष
    (ग) मनुष्य

11. इनमें नित्य पुल्लिंग शब्द है -
    (क) लोमड़ी
    (ख) तोता
    (ग) मक्खी

12. इनमें नित्य स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है ?
    (क) खटमल
    (ख) खरगोश
    (ग) छिपकली

13. इनमें नित्य उभयलिंगी शब्द है -
    (क) मक्खी
    (ख) कछुआ
    (ग) वकील

14. कवि शब्द का स्त्रीलिंग है -
    (क) कवियों
    (ख) कवयित्री
    (ग) कवयत्री

# 9-वचन

1. सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन-सा है ?
   (क) पानी
   (ख) दर्शन
   (ग) नदी

2. क्या तुमने हस्ताक्षर कर दिए हैं? 'हस्ताक्षर' शब्द है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

3. वर्षा हो रही है । 'वर्षा' का वचन होगा -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

4. पिता जी ने सौ रुपए के फल खरीदे। 'रुपए' का एकवचन होगा -
   (क) रुपया
   (ख) रूपया
   (ग) रुपैये

5. रक्षाबंधन पर सभी बहनें अपने भाई को राखी बाँधती हैं । 'बहनें' शब्द का एकवचन होगा-
   (क) बहनो
   (ख) बहन
   (ग) बहनों

6. शेर को देखकर सबके प्राण सूख गए । 'प्राण' शब्द है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

7. आकाश में बादल छाए थे । 'आकाश' शब्द का वचन है-
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

8. ये साड़ियाँ सुंदर हैं । 'साड़ियाँ' शब्द का एकवचन होगा -
   (क) साड़ी
   (ख) साडी
   (ग) साङी

9. उसके होश उड़ गए । 'होश' शब्द का वचन है-
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

10. हमारी सभी अध्यापिका हमें बहुत मेहनत से पढ़ाती हैं । 'अध्यापिका' का बहुवचन है -
   (क) अध्यापिकाओं
   (ख) अध्यापिकाएँ
   (ग) अध्यापिकाए


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 10–कारक

1. नदी में मगरमच्छ हैं । 'में' शब्द किस कारक का चिह्न है ?
   (क) संबंध कारक
   (ख) अधिकरण कारक
   (ग) संबोधन कारक

2. बच्चे गेंद से खेलते हैं । 'से' शब्द किस कारक का उदाहरण है ?
   (क) करण कारक
   (ख) संबोधन कारक
   (ग) कर्ता कारक

3. पिता पुत्र को पढ़ाते हैं । यहाँ 'को' शब्द किस कारक का चिह्न है ?
   (क) कर्ता कारक
   (ख) कर्म कारक
   (ग) करण कारक

4. अरे भाई ! कहाँ जा रहे हो ? यह वाक्य उदाहरण है –
   (क) संबंध कारक
   (ख) अधिकरण कारक
   (ग) संबोधन कारक

5. चपरासी ने घंटी बजाई । 'ने' शब्द किस कारक का चिह्न है ?
   (क) कर्ता कारक
   (ख) कर्म कारक
   (ग) करण कारक

6. पेड़ से पत्ता गिरता है । यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?
   (क) अपादान कारक
   (ख) करण कारक
   (ग) संप्रदान कारक

7. कारक-चिह्नों का दूसरा नाम निम्नलिखित में क्या है ?
   (क) उपसर्ग
   (ख) परसर्ग
   (ग) संपर्क

8. संबोधन कारक की पहचान कौन-सा चिह्न देखकर की जा सकती है ?
   (क) पूर्ण विराम
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) विस्मयादिबोधक

9. अपादान कारक से कौन-सा भाव प्रकट होता है?
   (क) अलगाव
   (ख) भक्ति का
   (ग) खुश होने का

10. माँ बच्चों को भोजन देती है 'माँ' शब्द में कारक है –
    (क) कर्ता कारक
    (ख) कर्म कारक
    (ग) करण कारक

11. सड़क के किनारे हरे-भरे पेड़ हैं । 'के' शब्द किस कारक का भेद है ?
    (क) अधिकरण कारक
    (ख) संबंध कारक
    (ग) करण कारक

12. अध्यापिका ने छात्रा को पुस्तक दी । यह वाक्य उदाहरण है –
    (क) संप्रदान
    (ख) अपादान
    (ग) कर्ता

# 11-सर्वनाम

1. सर्वनाम के भेद होते हैं -
   (क) पाँच
   (ख) छह
   (ग) आठ

2. उन्होंने फसल काट ली होगी । यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है?
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक

3. वह मेरी पुस्तक है । 'वह' शब्द किस सर्वनाम का भेद है ?
   (क) निश्चयवाचक
   (ख) अनिश्चयवाचक
   (ग) निजवाचक

4. यह कौआ है । 'यह' किस सर्वनाम का भेद है ?
   (क) अन्य पुरुषवाचक
   (ख) निश्चयवाचक
   (ग) निजवाचक

5. मैं अपना काम स्वयं कर लूँगा - यहाँ 'स्वयं' शब्द है -
   (क) निजवाचक सर्वनाम
   (ख) पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ग) संबंधवाचक सर्वनाम

6. आइए, आपका स्वागत है । 'आपका' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
   (क) मध्यम पुरुषवाचक
   (ख) उत्तम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक

7. सर्वनाम क्या है ?
   (क) वस्तुओं के नाम
   (ख) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त शब्द
   (ग) संज्ञा का भेद

8. इनमें कौन-सा सर्वनाम का भेद नहीं है-
   (क) निश्चयवाचक
   (ख) संबंधवाचक
   (ग) गुणवाचक

9. इनमें से कौन-सा शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम का नहीं है -
   (क) क्या
   (ख) कोई
   (ग) कौन

10. चाय में कुछ गिर गया है । 'कुछ' शब्द किस सर्वनाम का भेद है ?
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) निजवाचक

11. आप यहीं बैठिए । 'आप' किस सर्वनाम का भेद है -
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक

12. हम क्रिकेट मैच देखने जाएँगे । वाक्य में 'हम' है-
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 12-विशेषण

1. विशेषण के भेद हैं -
(क) तीन
(ख) चार
(ग) पाँच

2. घड़े में थोड़ा पानी था । वाक्य में 'थोड़ा' शब्द है -
(क) परिमाणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) गुणवाचक

3. महाराणा प्रताप सच्चे देशभक्त थे । 'सच्चे' शब्द है -
(क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ख) गुणवाचक विशेषण
(ग) परिमाणवाचक विशेषण

4. तुम्हें कितने पैसे चाहिए ? वाक्य में 'कितने' किस विशेषण का भेद है -
(क) संख्यावाचक
(ख) गुणवाचक
(ग) संकेतवाचक

5. कक्षा में कुछ लड़के बैठे हैं । 'कुछ' शब्द किस विशेषण का भेद है -
(क) सार्वनामिक
(ख) परिमाणवाचक
(ग) अनिश्चिचित संख्यावाचक

6. यह महँगी पुस्तक है । वाक्य में 'महँगी' है -
(क) गुणवाचक
(ख) परिमाणवाचक
(ग) संकेतवाचक

7. विशेषण विशेषता बताते हैं -
(क) संज्ञा की
(ख) सर्वनाम की
(ग) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की

8. जिनकी विशेषता बताई जाती है, वे शब्द कहलाते हैं -
(क) विशेषण
(ख) विशेष्य
(ग) प्रविशेषण

9. इनमें से कौन-सा विशेषण का भेद नहीं है -
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) भाववाचक

10. विशेष्य की माप-तौल का बोध इनमें-से कौन बताते हैं ?
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

11. मयंक साहसी बालक है । वाक्य में आया 'साहसी' शब्द है -
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

12. यहाँ कई खिलौने हैं । वाक्य में 'कई' शब्द उदाहरण है -
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

# 13–क्रिया

1. 'पढ़िए' क्रिया की धातु है –
   (क) पढ़ता
   (ख) पढ़ना
   (ग) पढ़

2. मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया कहलाती है –
   (क) संयुक्त क्रिया
   (ख) पूर्वकालिक क्रिया
   (ग) नामधातु क्रिया

3. राम सेब खाता है । इस वाक्य की क्रिया है –
   (क) एककर्मक क्रिया
   (ख) द्विर्मक क्रिया
   (ग) अकर्मक क्रिया

4. रामचरण ने क्यारी में पानी डाला । इस वाक्य की क्रिया है –
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) द्विकर्मक क्रिया

5. मैंने सुमन को उपहार दिया । वाक्य में क्रिया का भेद है –
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) नामधातु क्रिया

6. मोहन विद्यालय गया – यह वाक्य क्रिया का भेद है –
   (क) सामान्य क्रिया
   (ख) संयुक्त क्रिया
   (ग) प्रेरणार्थक क्रिया

7. क्रिया से हमें पता चलता है –
   (क) वस्तु, व्यक्तियों के नाम का
   (ख) काम होने या काम करने का
   (ग) संज्ञा की जगह प्रयुक्त शब्दों का

8. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद होते हैं –
   (क) तीन
   (ख) दो
   (ग) चार

9. रचना के आधार पर क्रिया के भेद होते हैं –
   (क) सात
   (ख) आठ
   (ग) पाँच

10. रमन ने कहानी पढ़ ली होगी – में मुख्य क्रिया है –
   (क) कहानी
   (ख) पढ़
   (ग) ली होगी

11. मीनू पुस्तक पढ़ रही है । यह वाक्य किस क्रिया का भेद है ?
   (क) एककर्मक क्रिया
   (ख) द्विकर्मक क्रिया
   (ग) अकर्मक क्रिया

12. इनमें से क्रिया का पूर्वकालिक रूप है–
   (क) वे पढ़ाकर चले गए
   (ख) बच्चा पढ़ रहा है
   (ग) वह पढ़ेगा


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 14-काल

1. काल के कितने भेद होते हैं -
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

2. शायद आज धूप निकलेगी । काल का सही भेद है -
   (क) सामान्य भविष्यत्
   (ख) संभाव्य भविष्यत्
   (ग) आसन्न भूतकाल

3. बच्चे स्कूल गए होंगे । वाक्य काल का भेद है -
   (क) अपूर्ण भूतकाल
   (ख) संदिग्ध भूतकाल
   (ग) आसन्न भूतकाल

4. रुचिका पुस्तक पढ़ेगी । वाक्य काल का भेद है -
   (क) सामान्य भविष्यत् काल
   (ख) संभाव्य भविष्यत् काल
   (ग) संदिग्ध भूतकाल

5. ईशा ने सुंदर कविता लिखी है । काल का भेद है -
   (क) सामान्य भूतकाल
   (ख) आसन्न भूतकाल
   (ग) पूर्ण भूतकाल

6. किसी ने ठीक कहा है । वाक्य काल का भेद है -
   (क) सामान्य वर्तमान काल
   (ख) आसन्न भूतकाल
   (ग) हेतुहेतुमद् काल

7. भूतकाल के भेद होते हैं -
   (क) छह
   (ख) पाँच
   (ग) सात

8. बच्चा हँस रहा है । वाक्य काल का भेद है -
   (क) सामान्य वर्तमान काल
   (ख) अपूर्ण वर्तमान काल
   (ग) संदिग्ध वर्तमान काल

9. संजना पढ़ती होगी। वाक्य काल का भेद है -
   (क) सामान्य वर्तमान काल
   (ख) अपूर्ण वर्तमान काल
   (ग) संदिग्ध वर्तमान काल

10. वर्षा हो रही थी। वाक्य काल का भेद है -
   (क) भूतकाल
   (ख) वर्तमान काल
   (ग) भविष्यत् काल

11. छात्र हॉकी खेलेंगे। वाक्य काल का भेद है -
   (क) भूतकाल
   (ख) वर्तमान काल
   (ग) भविष्यत् काल

12. वर्तमान काल के कितने भेद होते हैं?
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

# 15-विराम-चिह्न

1. वाह ! कितना सुहावना मौसम है -
   (क) प्रश्नवाचक चिह्न
   (ख) विस्मयादिबोधक
   (ग) निर्देशक

2. प्रश्न पूछने के लिए लगाया जाता है -
   (क) !
   (ख) ?
   (ग) ऽ

3. 'दर्शक आ गए हैं; नाटक न जाने कब शुरू होगा' -वाक्य में विराम चिह्न है-
   (क) अल्पविराम
   (ख) अर्धविराम
   (ग) पूर्णविराम

4. तिरंगे में तीन रंग हैं : - केसरिया, सफेद, हरा-हैं के बाद लगा विराम चिह्न है -
   (क) लाघव चिह्न
   (ख) विवरण चिह्न
   (ग) कोष्ठक

5. सदा माता-पिता का आदर करो। 'माता-पिता' में लगा विराम चिह्न है -
   (क) योजक
   (ख) कोष्ठक
   (ग) निर्देशक

6. सूचना देने के लिए प्रयोग किया जाता है -
   (क) उद्धरण चिह्न
   (ख) निर्देशक चिह्न
   (ग) योजक चिह्न

7. विस्मयादिबोधक चिह्न है -
   (क) !
   (ख) ?
   (ग) -

8. वाक्य पूर्ण होने पर लगता है -
   (क) ।
   (ख) ?
   (ग) -

9. कथन को ज्यों का त्यों लिखने के लिए प्रयोग करते हैं -
   (क) ?
   (ख) " "
   (ख) ' '

10. शब्द को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए प्रयोग किया जाता है -
   (क) o
   (ख) ( )
   (ग) ।

11. ओह ! यह तो बहुत बुरा हुआ । ओह के बाद लगा चिह्न है -
   (क) विस्मयादिबोधक
   (ख) पूर्ण विराम
   (ग) अर्ध विराम

12. 'जीवन में यश-अपयश मिलता रहता है' वाक्य में प्रयोग हुआ है विराम चिह्न है-
   (क) विस्मयादिबोधक
   (ख) निर्देशक
   (ग) योजक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 16-मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

1. 'घुटने टेकना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) घुटनों में दर्द होना
(ख) हार मानना
(ग) शर्मिंदा होना

2. 'एक पंथ दो काज' का अर्थ है -
(क) दोहरा लाभ
(ख) एक प्रयास में दो उद्देश्य पूरे होना
(ग) ताकतवर की जीत होती है

3. 'घोड़े बेचकर सोना' का अर्थ है -
(क) धोखा देना
(ख) हार जाना
(ग) निश्चिंत होकर सोना

4. 'एकमात्र सहारा' के लिए मुहावरा होगा -
(क) आँखें दिखाना
(ख) अंधे की लाठी
(ग) अँगूठा दिखाना

5. 'आदर-सत्कार करना' के लिए मुहावरा होगा-
(क) आँखें बिछाना
(ख) घबरा जाना
(ग) जी चुराना

6. 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है-
(क) बाढ़ आ जाना
(ख) पानी फैल जाना
(ग) लज्जित होना

7. 'सच्चा न्याय होना' के लिए लोकोक्ति है-
(क) का वर्षा जब कृषि सुखाने
(ख) काला अक्षर भैंस बराबर
(ग) दूध का दूध पानी का पानी होना

8. 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) दर्द कम करना
(ख) दवा लगाना
(ग) पछताना

9. 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) श्मशान खोदना
(ख) पुरानी बातें सामने लाना
(ग) पोस्टमार्टम करना

10. 'हथियार डालना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) हार स्वीकारना
(ख) बगावत कर देना
(ग) आराम करना

11. 'गुण के विपरीत नाम' के लिए लोकोक्ति होगी -
(क) अंधों में काना राजा
(ख) आँख के अंधे नाम नयन सुख
(ग) अक्ल का अँधा गाँठ का पूरा

12. 'आकाश पाताल एक करना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) बहुत प्रयास करना
(ख) दूरी नापना
(ग) बचने का प्रयास करना

13. 'हाथों-हाथ लेना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) ललचा जाना
(ख) उदास होना
(ग) आदर देना

14. 'हवा से बातें करना' का अर्थ है -
(क) आश्चर्य प्रकट करना
(ख) अक्ल ठीक करना
(ग) बहुत तेज दौड़ना

# 17-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 एक | 26 छब्बीस | 51 इक्यावन | 76 छिहत्तर |
| 2 दो | 27 सत्ताईस | 52 बावन | 77 सतहत्तर |
| 3 तीन | 28 अट्ठाईस | 53 तिरपन | 78 अठहत्तर |
| 4 चार | 29 उनतीस | 54 चौवन | 79 उन्यासी |
| 5 पाँच | 30 तीस | 55 पचपन | 80 अस्सी |
| 6 छह | 31 इकतीस | 56 छप्पन | 81 इक्यासी |
| 7 सात | 32 बत्तीस | 57 सत्तावन | 82 बयासी |
| 8 आठ | 33 तैंतीस | 58 अट्ठावन | 83 तिरासी |
| 9 नौ | 34 चौंतीस | 59 उनसठ | 84 चौरासी |
| 10 दस | 35 पैंतीस | 60 साठ | 85 पचासी |
| 11 ग्यारह | 36 छत्तीस | 61 इकसठ | 86 छियासी |
| 12 बारह | 37 सैंतीस | 62 बासठ | 87 सत्तासी |
| 13 तेरह | 38 अड़तीस | 63 तिरेसठ | 88 अट्ठासी |
| 14 चौदह | 39 उनतालीस | 64 चौसठ | 89 नवासी |
| 15 पंद्रह | 40 चालीस | 65 पैंसठ | 90 नब्बे |
| 16 सोलह | 41 इकतालीस | 66 छियासठ | 91 इक्यानवे |
| 17 सत्रह | 42 बयालीस | 67 सड़सठ | 92 बानबे |
| 18 अठारह | 43 तैंतालीस | 68 अड़सठ | 93 तिरानबे |
| 19 उन्नीस | 44 चवालीस | 69 उनहत्तर | 94 चौरानबे |
| 20 बीस | 45 पैंतालीस | 70 सत्तर | 95 पंचानबे |
| 21 इक्कीस | 46 छियालीस | 71 इकहत्तर | 96 छियानबे |
| 22 बाइस | 47 सैंतालीस | 72 बहत्तर | 97 सत्तानबे |
| 23 तेईस | 48 अड़तालीस | 73 तिहत्तर | 98 अट्ठानबे |
| 24 चौबीस | 49 उनचास | 74 चौहत्तर | 99 निन्यानबे |
| 25 पच्चीस | 50 पचास | 75 पचहत्तर | 100 सौ |

## दिनों के नाम

रविवार

सोमवार

मंगलवार

बुधवार

बृहस्पतिवार

शुक्रवार

शनिवार

## हिंदी महीनों के नाम

चैत (चैत्र)

बैसाख

जेठ (ज्येष्ठ)

आषाढ़

सावन (श्रावण)

भादों (भाद्रपद)

क्वार (अश्विन)

कार्तिक

अगहन

पूस

माघ

फागुन (फाल्गुन)